निरीक्षण के दौरान चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की रिपोर्ट ली

नागौर । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जुगल किशोर सैनी ने बुधवार को खींवसर ब्लॉक में पांचला सिद्धा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। डॉ. जुगल किशोर सैनी ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. मीणा से वर्तमान में चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की रिपोर्ट ली।

इसके बाद डॉ. सैनी ने यहां टीकाकरण कक्ष, प्रयोगशाला, आईपीडी वार्ड, प्रसूति कक्ष व दवा वितरण केन्द्र का अवलोकन किया। प्रसूति कक्ष के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि यहां विकसित की गई सुविधाओं को और अधिक अपडेट किया जाए। लेबर रूम प्रोटोकॉल का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। यहां कुलिंग की समुचित व्यवस्था हो। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन की एनसीडी स्क्रीनिंग, आभा आईडी बनाने, बच्चों के नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन के

- **डॉ.सैनी ने यहां टीकाकरण कक्ष, प्रयोगशाला, आईपीडी वार्ड, प्रसूति कक्ष व दवा वितरण केन्द्र का अवलोकन किया**

कार्य से जुड़ी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की औरे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र में मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर किए जा रहे प्रभावी प्रयासों को जारी रखें. बुखार के मरीजों की तत्काल प्रभाव से जांच की जाए और उनका समुचित उपचार समय पर हो सके यह सुनिश्चित कर लिया जाए।

यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ की मीटिंग लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सैनी ने निर्देश दिए कि टोबैको फ्री यूथ कैंपेन को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर जन जागरूकता लाई जाए. अस्पताल परिसर सहित इसके आसपास के क्षेत्र को तंबाकू मुक्त क्षेत्र रखा जाय. उक्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति तंबाकू पदार्थ का सेवन करते पाया जाए तो उस पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जुगलकिशोर सैनी के निर्देशों पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीशराम चौधरी के नेतृत्व में एक निरीक्षण दल ने मंगलवार व बुधवार को राजकीय चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करते हुए वहां स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। एडीशनल सीएमएचओ डॉ. चौधरी ने मंगलवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम राजीव सोनी के साथ राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पांचौड़ी तथा राजकीय प्राथमिक गुढाभगवानदास तथा बुधवार को एपीडेमोलॉजिस्ट साकिर खान के साथ राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डेहरू तथा भाकरोद का औचक निरीक्षण करते हुए वहां संचालित चिकित्सा सेवाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट सुमेरपुर में

अजमेर, (कासं)। बोर्ड ऑफ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया एवं राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 2 व 3 दिसंबर को सुमेरपुर में किया जाएगा। राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट के प्रदेश अध्यक्ष रवि बंजारा ने बताया कि दिव्यागों के हौसले और जजबे के इस अनूठे उत्सव के तहत प्रदेश की चार टीमें भाग लेगी। अजमेर जिला डिसेबल्ड क्रिक्रेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र गांधी ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, सुमेरपुर एवं नवभारत सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए आवश्यक तैयारियों के लिए संस्थापक पंकज राज मेवाड़ा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

बंजारा ने बताया कि 2007 में एक नई पहल सेवा संस्थान के माध्यम से दिव्यांग क्रिकेट की स्थापना राजस्थान में की गई । सन 2012 में राजस्थान क्रीड़ा परिषद जयपुर में दिव्यांग क्रिकेट को एक नई पहचान दिलाने के लिए आवेदन किया गया। सात साल की कड़ी मेहनत व राजस्थान सरकार के सहयोग से 2019 में दिव्यांग क्रिकेट को नाम मिला और राजस्थान डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन का गठन हुआ।

अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की बैठक आयोजित

अजमेर, (कासं)। अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की साप्ताहिक समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला कलैक्टर लोक बंधु की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें विभागों को सुपुर्द विकास कार्यों का विधिवत संचालन करवाने के निर्देश दिए गए।

जिला कलैक्टर लोक बंधु ने कहा कि अजमेर स्मार्ट सिटी द्वारा कई निर्माण कार्य पूर्ण किए गए है। इनमें से अधिकतर सम्बन्धित विभागों को सुपुर्द कर दिए है। विभागों को सुपुर्द किए गए कार्यों के बारे में सम्बन्धित विभाग से विधिवत संचालन एवं उपयोग की जानकारी ली जाए। प्रत्येक निर्माण कार्य के उपयोग में आने के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। इन कार्यों का व्यापक जनहित में उपयोग होना चाहिए। इससे ही इनका निर्माण करना सार्थक होगा।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग को स्मार्ट सिटी के माध्यम से निर्मित सड़के सौंपी गई थी। मानसून के कारण इन सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना हो सकती है।

सुपुर्द की गई विभिन्न सड़कों को डीएलपी के तहत शीघ्र मरम्मत करवाने के निर्देश दिए गए। अन्य विभागीय अधिकारियों को डीएलपी के तहत सभी कार्यों को सुनियोजित तरीके से अनुबंध अनुसार संधारण करते हुए संचालन करने के लिए निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि अजमेर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को सुपुर्दगी से वंचित पूर्ण किए गए कार्यों को संबंधित विभाग को सौंपा जाना चाहिए। इससे पूर्व त्रिपक्षीय अनुबंध एवं कार्य सम्बंधित सम्पूर्ण पत्रावली का विभागीय अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से अवलोकन किया जाए।

इसके उपरांत संबंधित विभाग को निर्मित संरचंना सुपुर्द करने की कार्यवाही होनी चाहिए। इसी तरह वर्तमान में प्रगतिरत कार्यो को प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रतिदिन लक्ष्य को हासिल करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करवाने के दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अजमेर स्मार्ट सिटी के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं आयुक्त नगर निगम देशल दान सहित सम्बन्धित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता का रलावता ने किया शुभारंभ

अजमेर, (कासं)। चौरसियावास प्रीमियर लीग अजमेर क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने बुधवार को सुबह 11बजे चौरसियावास खेल के मैदान पर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रलावता ने कहा कि युवाओं में खेल के प्रति भावना विकसित होने से बेहतर स्वास्थ्य का निर्माण होता है एवं सकारात्मक भावनाओं को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में अजमेर जिले की खेल प्रतिभाओं को सामने आने का मौका मिलेगा। उनका कहना था कि खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए हार जीत की मानसिकता से नहीं। इस अवसर पर आयोजन समिति के चांद मोहम्मद और सद्दाम ने बताया कि नवयुवक मंडल की ओर से क्रिकेट सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन समय समय पर किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले की 48 टीमें भाग ले रही है जो एक सप्ताह तक चलेंगी। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व उपायुक्त और पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष रशीद खान, विजयलक्ष्मी पारीक ,अजमेर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शक्ति सिंह रलावता, अहमद हुसैन,सुनील माथुर हेमेंद्र सिंह मऊ, हीरालाल मेघवाल आदि मौजूद थे।

दो ट्रैक्टर ट्रॉली को करवाया जब्त

ब्यावर ,(निसं)। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत द्वारा जिले के समस्त अधिकारियों को पूर्व में ही अवैध खनन, परिवहन व अतिक्रमण को सख्ती से रोकने व कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था ।इसी के तहत ब्यावर उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया ने बुधवार को खनन सामग्री के अवैध परिवहन व ओवरलोड में लिप्त दो ट्रैक्टर ट्रॉली को रोककर सदर थाना पुलिस को सूचित किया एवं सदर थाना पुलिस को निर्देश किए कि दोनो ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर मुकदमा दर्ज किया जाए एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को नियम अनुसार जुर्माना लगाने के निर्देश दिए ।इस दौरान सदर थाना पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

केन्द्र व राज्य सरकार आमजन के कार्य के लिए कृत संकलिप्त-राठौड़

मसूदा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी मसूदा मंडल संगठन पर्व-2024 कार्यशाला मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में अखाड़े वाले बालाजी मन्दिर मसूदा में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केकड़ी प्रधान होनहार सिंह राठौड़ ने केंद्र सरकार में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के आमदनी दुगना करने के लिए हर समय प्रयासरत है। राठौड़ ने कहा कि मसूदा मंडल अपने बेहतरीन कार्य के लिए जाना जाता है और वर्तमान में अजमेर देहात में प्रथम स्थान पर होना बड़ी उपलब्धि है ।हमें आगामी नो दिनों में और श्रेष्ठ कार्य करना चाहिए उन्होंने सरकार की उपलब्धियां की चर्चा करते हुए सरकार आमजन के साथ कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। कार्यशाला के सहयोगी अतिथि पूर्व अजमेर देहात जिला महामन्त्री गणपत मुनीम ने कहा कि दीपावली पर्व के साथ हमारे संगठन का पर्व भी चल रहा है जो भी कार्यकर्ता 50 सदस्य बना ले उसे सक्रिय सदस्य बनाना है किसी के साथ भेदभाव नहीं करें उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बूथ अध्यक्ष के लिए चयन प्रक्रिया प्रारंभ होगी मसूदा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौड़ ने कार्यशाला के प्रारंभ में प्रस्तावना व स्वागत सत्र को संबोधित किया और अभी तक जो सक्रिय सदस्य बने उनका पूरा विवरण दिया एंव संगठन के सभी कार्यो को विस्तार से समझाया। कार्यशाला मे मण्डल महामन्त्री मनोज जैथलिया ,विजय सिंह रावत, खुमान सिंह राठौड़, रजनीश मेड़तिया, ब्रजराज सिंह राठौड़, मनीष कुमार जोशी, रामदेव सिंह रावत, लादूराम गुर्जर, सत्यनारायण छिपा, कुलदीप सामरिया, कैलाश रेगर, मोहन सिंह रावत, ओमप्रकाश बैरवा, राकेश कुमार, महिपाल चौधरी, राजेश कुमार खेरालिया, मुनिराज, मुरलीधर रामचंदानी, महेंद्र सिंह रावत, मनोहर सिंह चौहान , रवि सिंह चौहान, वीरेंद्र सोलंकी ,रामलाल, राजेश कुमार, विक्रम सिंह,सेठी सिंह रावत, सुखदेव सिंह, गजराज मेहरात भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब ने मनाया दीपावली स्नेह मिलन

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद में मंगलवार देर शाम को रोटरी क्लब ने दीपावली स्नेह मिलन मनाया। रोटरी क्लब अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि मंगलवार देर शाम को गांधी चौक स्थित रामचंद्र जी की धर्मशाला में दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया, जिसमें गरबा व सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में क्लब की सभी महिलाओं पुरुषों व बच्चों ने खूब उत्साह से भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुतियां बहुत शानदार मंत्रमुग्ध करने वाली थी।

इस कार्यक्रम में अध्यक्ष मुकेश मित्तल असिस्टेंट गवर्नर अमित तापड़िया सेक्रेटरी हिमांशु गर्ग, विजय मेहरा, नंदकिशोर गर्ग, राजेश गर्ग, राजेश बाबानी, राजेश गोयल, प्रदीप सिंगल, गुलशन, मनीष महेश्वरी, भागचंद महेश्वरी, विनोद अजमेरा, अरुण अजमेरा, अरुण जैन, कपिल राठी, रोहित राठी, नवनीत राठी, नीतिश जैन, दयाल मिरचंदानी, चंद्रशेखर गढ़वाल, शुभम गोयल, भरत अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, भीकम मुणोत, सुनील कयाल और काफी संख्या में रोटरी साथी सपरिवार सहित मौजूद रहे।

कलक्टर ने अधिकारियों को कार्यों की मोनीटरिंग करने निर्देश दिए

अजमेर,(कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा एवं प्राधिकरण सथा में चर्चा के लिए मंगलवार को देर शाम 5.30 बजे प्राधिकरण कार्यालय में कलक्टर एव अध्यक्ष, अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की अध्यक्षता में प्राधिकरण आयुक्त, सचिव एवं जोन संबंधी उपायुक्त, तहसीलदारों व अधिकारियों एवं कर्मचारियो के साथ बैठक का आयोजन किया गया बैठक में जिला कलक्टर द्वारा एडीए के क्षेत्राधिकार मे चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति पर चर्चा की।

बैठक में प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। निदेशक अभियांत्रिकी के साथ संबंधित जोन के अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता द्वारा अपने-अपने कायों की वर्तमान स्थति से अध्यक्ष को अवगत कराया गया, जिसमें कि पूर्व की स्थिति से वर्तमान स्थति में प्रगति को धीमा बताते हुए अध्यक्ष द्वारा कार्यों को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए विकास कार्यों के लिए मौके पर स्वय उपस्थित रहने व

- **एडीए के क्षेत्राधिकार मे चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति पर चर्चा की**
- **कार्यालय में कलक्टर एव अध्यक्ष, अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की अध्यक्षता में प्राधिकरण आयुक्त, सचिव एवं जोन संबंधी उपायुक्त, तहसीलदारों व अधिकारियों एवं कर्मचारियो के साथ बैठक का आयोजन किया गया**

अधिकारियों को कार्यों की मोनीटरिंग करने निर्देश प्रदान किये। इस संबंध में तकनीकी अधिकारीयों द्वारा वर्षा ऋतु के कारण व दिपावली त्यौहारों के कारण कार्यो की गति में आंशिक धीमा होना बताया गया, जिसमें नालों से संबंधित कार्यों में वहीं जल की अत्याधिक प्रवाह होने के कारण कार्यों में कठिनाई होना बताया गया।

तकनीकी अधिकारियों द्वारा सूची अनुसार कार्यों की प्रगति एवं पूर्णता की अवधि से अवगत कराते हुए कार्यो मे पूर्ण गुणवत्ता के साथ प्रगति लाने का आश्वासन दिया गया।

प्राधिकरण की बजट योजना से सम्बन्धित कार्य पृथ्वीराज नगर योजना में सडक निर्माण कार्य लागत राशि 3.97 करोड़ पुष्कर अजमेर सूरजकुण्ड योजना म सडक निर्माण कार्य राशि 4.80 करोड़ एवं ब्यावर रोड डीएवी हास्टल से आनासगर एस्केप चैनल तक आरसी.सी नाला निर्माण कार्य लागत राशि 150 करोड के निविदा प्रक्रियाधीन कार्यों के नियमानुसार शीघ्र कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश प्रदान किये गये तथा श्रीनगर रोड से टैम्पो स्टैण्ड तक जेपी नगर मुख्य सड़क के चौडाईकरण कार्य (लागत राशि 10.004) हेतु भूमि अवाप्ति / नेगोसशन के माध्यम से प्राप्त कर प्रारम्भ कराने के विश प्रदान किये गये।

बैठक आयोजित

आसीन्द, (निसं)। शिव शक्ति सेवा समिति खटीक समाज की बैठक शिव मंदिर गोविन्दपुरा में समिति के अध्यक्ष छगन लाल सोलंकी के सानिध्य में संपन्न हुई जिसमें समाज हित हेतु कई प्रस्ताव पारित हुए । तारा चन्द चंदेल ने प्रस्ताव रखा की सत्र 2023-24 में कक्षा 10 और 12वी में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने विद्यार्थियों को शीतकालीन अवकाश में सम्मानित किया करने का प्रस्ताव पारित हुआ वही राधेश्याम बागड़ी ने बताया की समाज में प्रचलित कुरीतियाँ बंद होनी चाहिए जिससे खटीक समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर हो । समिति सचिव कैलाश चन्द्र पहाड़िया ने बताया कि समाज में शादी ब्याह को छोड़कर मृत्यु होने पर कपड़ा पैरावनी प्रथा बंद है बंद की समाज ने सराहना की समिति कि अगली बैठक 15 दिसंबर,2024 को रखो गई है । इस अवसर पर हरलाल, प्यारचंद, भेरू लाल, प्रभुलाल, राधेश्याम, रोशनलाल, चुन्नीलाल, पंकज कुमार, छगन लाल, चाँद मल पार्षद, लादू लाल व सुन्दर लाल सहित कई समाज जन उपस्थित थे ।

पेंशनर घर बैठे बनवा सकेंगे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट

ब्यावर ,(निसं)। भारतीय डाक विभाग की ओर से पेंशनर्स हेतु घर बैठे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने की सुविधा प्रारम्भ की गई है। इस हेतु पेंशनर पोस्ट इन्फो ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते है। पेंशनर का लाइफ सर्टिफिकेट स्वत: ही सम्बन्धित विभाग को ऑन लाइन पहुंच जायेगा एवं पेंशनर्स को विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे। इस सुविधा के लिये पेंशनर को मात्र 70/- रू. की राशि (मय जीएसटी) का भुगतान करना होगा। इसके अतिरिक्त पेंशनर द्वारा नजदीकी डाकघर में व्यक्तिश: सम्पर्क करके भी इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।व्यावर डाक मण्डल अधीक्षक विजय सिंह जैन ने बताया कि पेंशनरों को हर वर्ष नवम्बर माह में सम्बन्धित विभाग में लाइफ सर्टिफिकेट पेश करना पड़ता है। जिसके अभाव में पेंशनर्स को पेंशन प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पडता है। दूर दराज, ग्रामीण इलाकों में निवासरत पेंशनर्स को सम्बन्धित विभाग में जाने में कई कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है। पेंशनर्स की इस समस्या के निराकरण के लिये डाक विभाग के इण्डिया पोस्टल पेमेन्ट बैंक एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के मध्य एक समझौता किया गया है।

कलेक्टर ने पुष्कर मेले की व्यवस्था का निरीक्षण किया

पुष्कर, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला 9 नवंबर को मेला मैदान में ध्वजारोहण के साथ शुरू होने जा रहा है इसी के अंतर्गत बुधवार को जिला कलेक्टर लोग बंधु एसपी वंदिता राणा एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह एडिशनल एसपी डॉक्टर दीपक शर्मा सीओ ग्रामीण रामचंद्र एसडीएम गौरव मित्तल नगर परिषद सभापति कमल पाठक आयुक्त कीर्ति कुमावत सीआई घनश्याम सिंह राठौड़ सहित जिले के आला अधिकारियों ने पुष्कर मेले की व्यवस्थाओ का जायजा लिया इससे पूर्व उपखंड कार्यालय में तैयारीयो को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें स्थानीय तीर्थ पुरोहितों से पुष्कर की मेले की व्यवस्थाओं की तैयारीयो के बारे में चर्चा की गई और विचार विमर्श किया गया तथा आवश्यक सुझाव भी मांगे गए उपखंड कार्यालय में श्री तीर्थपुरोहित संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष पुष्कर नारायण आदाली ,सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर रविकांत शर्मा चंद्रशेखर शर्मा राहुल पाराशर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे ।

इसके बाद सभी अधिकारी पुष्कर मेला क्षेत्र पहुंचे जहां पर मेला ग्राउंड में 9 नवंबर से होने वाले सांस्कृतिक

- **नवंबर से गोपाष्टमी से झंडारोहण के साथ शुरू होगा पुष्कर मेला**

कार्यक्रमों का जायजा लिया मेला मैदान में प्रतिदिन रात्रि में 9 नवंबर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसकी तैयारीयो को लेकर जिला कलेक्टर लोग बंधु और एसपी वंदिता राणा ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके बाद पशु प्रदर्शनी विकास प्रदर्शनी सहित पुष्कर मेला क्षेत्र का जायजा लिया इस दौरान जिला कलेक्टर लोक बंधु ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में आने वाले मेलार्थियों को अच्छी सुविधा मिले तथा किसी को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो उसकी माकूल व्यवस्था की जा रही है तथा 9 नवंबर को मेला मैदान में झंडारोहण के साथ पुष्कर मेले का आगाज होगा इसके अलावा पुष्कर मेले में प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित होगी तो रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें अनूप जलोटा और कैलाश खेर जैसे सुप्रसिद्ध कलाकार भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देंगे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन

ब्यावर, (निसं) ।अखिल भारतीय मेघवंशी (मेघवाल) महासभा का नवम सामूहिक विवाह सम्मेलन 08 अक्टुंबर को आयोजित रहा है जिसमे 21 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे । इस अवसर पर स्वामी गोकुलदास जी महाराज की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम भी भव्य रूप से होने जा रहा है। सेंदड़ा रोड,रामसर बलाईयाँन स्थित मेघवंश छात्रावास में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजक मंडल ने जानकारी देते हुए बताया की मांगलिक कार्यक्रमों में सावा लेखन,बरात आगमन,सेंदड़ा रोड स्थित मेघ महल में होंगे। बरात की शोभा यात्रा मेघ महल से प्रारम्भ होकर मेघवंश छात्रावास,रामसर बलाईयांन पहुंचेगी जहां पाणिग्रहण संस्कार,भोजन परसादी,मूर्ति अनावरण और आशीर्वाद समारोह होगा। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल वर्मा,एम डी ,ऐवीवीएनएल और विशिष्ठ अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत,वीरेंद्र सिंह कानावत एवं अन्य होंगे। प्रशासनिक अधिकारी जिला कलेक्टर डा महेंद्र खड़गावत,अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहन लाल , बाल विकास परियोजना अधिकारी हंसा जोशी आदि भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

NAME CHANGE

I MOHIT KUNVAR is mother of Army No 15160641X Rank- Hav Name RAJKUMAR NIRMALKAR Residing at- Village- BUDGHAN, Post - BUDGHANTeh - JANJGIRDist - JANJGIR CHAMPAState- CHHATTISGARHPin - 495559I Have changed my name MOHIT KUWAR NIRMALKAR to MOHIT KUNVAR Vide affidavit no BW 940561 Date 30/10/2024 before court CAMPAUS Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No JC-344649X Rank : NB/SUB, Name: MAHESH CHANDRA Residing at Vill. RATANPUR Post: KUMBHICHOUR Teh: KOTDWARA Dist- PAURI GARHWAR, State U.K. Pin- 246149 have change my Daughter Name from KUMARI SHRISTHI to SHRISHTI Vide affidavit No. BW 942267 Dated 06/11/2024 before Court campas Nasirabad

नाम परिवर्तन

मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों 8वीं,10वीं,12वीं में मेरी माता का नाम भूलवश फून्दी देवी (FUNDI DEVI) दर्ज हो गया है। मेरे माता का सही नाम फून्दी देवी (PHUNDI DEVI) है। पता- दिनेश सिंह पुत्र नारायण सिंह, स्कूल का बाड़िया लगेतखेड़ा, तहसील भीम, जिला राजसमंद (राज.)

बेदखली नोटिस

हमारा पुत्र निखिल भारद्वाज जो कि हमारे कहने में नहीं है और आये दिन हमसे लड़ाई झगड़ा करता रहता है। इस कारण से हम मानसिक रूप से बहुत परेशान रहने लगे है। अत: हम दोनों यानी माता और पिता अपने पुत्र निखिल भारद्वाज को अपनी चल और अचल सम्पति से बेदखल करते है। भविष्य में कोई भी व्यक्ति हमारे पुत्र से किसी भी प्रकार का नकद अथवा अन्य प्रकार का व्यवहार स्वयं अपनी ज़िम्मेदारी पर ही करें इसमें हमारी कोई भी किसी भी प्रकार की ज़िम्मेदारी नहीं रहेगी।
द्वारा- नरेंद्र कुमार शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा एवं मंजू देवी पत्नी नरेंद्र कुमार शर्मा। साकेत नगर, हाउसिंग बोर्ड, ब्यावर।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार श्री ओम प्रकाश शर्मा पुत्र स्व. श्री भंवरलाल शर्मा उम्र 60 वर्ष, जाति-जांगिड निवासी-गली नम्बर-3, अशोक विहार कॉलोनी, नारीशाला के पीछे, अजमेर ने 1. श्री सद्दाम खान पुत्र श्री अब्दुल वाहिद खान निवासी ग्राम गगवाना, जिला अजमेर 2. श्री सुखपाल सिंह पुत्र श्री नाथा जी, निवासी-ग्राम मुहमी जिला अजमेर, 3. श्री फरीद खान पुत्र श्री अब्दुल माजिद खान निवासी ग्राम गगवाना जिला अजमेर से एक भूखण्ड संख्या-12 जो कृषि आराजी खाता संख्या-732 के खसरा संख्या-173 का एक भाग है वाके ग्राम सेदरिया तहसील व जिला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 488 वर्गगज है, को खरीदने हेतु इकरार किया है, इस संबंध मे किसी को भी किसी प्रकार से कोई उज्र, आपत्ति, हक व अधिकार, सरोकार हो तो 15 दिवस के भीतर-भीतर मुझ अधिवक्ता या मेरे पक्षकार से (संबंधित मूल दस्तावेज सहित) तुरन्त सम्पर्क करें, बाद मियाद कोई भी आपत्ति या कार्यवाही, मेरे पक्षकार के हक व अधिकारों पर कोई भी वाध्यकारी नहीं होगी तथा निष्प्रभावी एवं शून्य होगी।
सो सूचित रहे। भवदीय-सूर्य प्रकाश गांधी (एडवोकेट)

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की राजस्व ग्राम थौक मालियान के खसरा संख्या 7979 भूखण्ड संख्या 01 रकबा 77.91 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्री राजेश बिसावा पुत्र श्री प्रकाशचन्द्र बिसावा निवासी 731/40 खनिज नगर बालुपुरा मार्ग, अजमेर की मृत्यु दिनांक 13-02-2019 को होने पर मृत्यु प्रमाणपत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश: 1- रेनू बिसावा, 2-मेघा बिसावा, 3- दीपिका बिसावा, 4- उमा बिसावा, 5— तृप्ति बिसावा व 6- पियुषी बिसावा पुत्रियां स्व. श्री राजेश बिसावा निवासी 731/40 खनिज नगर, बालुपुरा मार्ग, अजमेर द्वारा अपने सह- हिस्सेदार (माता) श्रीमती सन्तोष शर्मा पत्नी स्व. श्री राजेश बिसावा निवासी 731/40 खनिज नगर, बालुपुरा मार्ग, आदर्श नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 29-07-2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/602 दिनांक: 5-11-24

आपत्ति सूचना

श्री राजकुमार केसवानी पुत्र श्री लॉगमल केसवानी निवासी मकान नं. 21 आदिनाथ कॉलोनी रामनगर अजमेर द्वारा एक सम्पति संख्या 03 जो ए.एम.सी. नं. 106/4 = 108/10 = 239/08 16/125 का एक भाग है जो वाके पीपल वाली गली पुरानी मण्डी अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 22.75 वर्गमीटर है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।
पूर्व - रास्ता आम — पश्चिम - अन्य की सम्पति
उत्तर - इसी ए.एम.सी. 106/4 = 108/10 = 239/08 16/125 का भाग संख्या 02 है — दक्षिण - इसी ए.एम.सी. 106/4 = 108/10 = 239/08 16/125 का भाग संख्या 04 है
अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम माकड़वाली अजमेर की योजना के खसरा संख्या 1192 भूखण्ड संख्या 23 एवं क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज के आवंटी श्रीमती दीपा देवी पत्नि श्री नरेश खेतवानी उर्फ नरेंद्र खतयानी निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 26/08/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमश: (1) मधु खात्यानी पत्नि श्री अनुराग खेमानी पुत्री नरेश खेतवानी उर्फ नरेंद्र खतयानी निवासी अजमेर (2) श्री अजय खेतवानी पुत्र श्री नरेश खेतवानी उर्फ नरेंद्र खतयानी निवासी अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री नरेश खेतवानी उर्फ न